In the NEWS

RELIANCE Life Insurance

Publication: **Hari Bhoomi** | Region: **Delhi** | Date: **07/11/2014** | Page No.: **08**

रिलायंस लाइफ का 'डू गुड' अभियान शुरू

एजेंसी. नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छ भारत अभियान से प्रेरित हो कर निजी क्षेत्र की जीवन बीमा कंपनी रिलायंस लाइफ इंश्योरेंस कंपनी ने सोशल मीडिया पर अपना एक नया अभियान 'डू गुड' (कर भला) अभियान शुरू किया। इसका उद्येश्य दैनिक जीवर में छोटे बड़े अच्छे कामों की खुशी में दूसरों को भी शामिल करना है। दिल्ली में मेट्रो के पुल के नीचे बच्चों को साक्षर बनाने वाले एक दुकानदार या मदुरै में बेसहारा और उपेक्षित लोगों को भोजन कराने वाले नारायणन की कहानी- ये या ऐसी कुछ कहानियां जिन्हें इस अभियान के शुरू में प्रचारित किया जा रहा है। रिलायंस लाइफ इंश्योरेंस के मुख्य कार्यकारी अनूप राउ ने इस मंच का उद्घाटन किया। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक कंपनी चाहती है कि लोगों को उनके नेक काम का समाज में पर्याप्त श्रेय मिले और दूसरे लोग भी निःसवार्थ भाव से इसके लिए प्रेरित हों। इस अभियान में उम्र, वर्ग या क्षेत्र का कोई बंधन नहीं होगा।

विज्ञप्ति में कहा गया है, हमारा दृढ़ मत है कि हर भले काम को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए, चाहे वह किसी भी उम्र, वर्ग या क्षेत्र का क्यों न हो। इसमें कहा गया है कि इस प्रकार के मंच की आवश्यकता है। कोई भी व्यक्ति अथवा समूह अपने द्वारा किये गये अच्छाई के कार्यों को इसके माध्यम से एक व्यापक जनसमुदाय के साथ साझा कर सकता है।

खास बातें

- उद्येश्य दैनिक जीवर में छोटे बड़े अच्छे कामों की खुशी में दूसरों को भी शामिल करना
- गरीब बच्चों को साक्षर बनाना और बेसहारा व उपेक्षित लोगों को भोजन कराना